## श्री मांजरीक मृणाल, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त निवेदन संख्या-511/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड स्थित सिवैसिंहपुर ग्राम के बूढ़ी गंडक नदी के बाँयें तटबंध के अन्दर बसे रहने के कारण प्रायः हर वर्ष बरसात के दिनों में नदी के जलस्तर में वृद्धि उपरान्त जलमग्न हो जाने से यहाँ की सारी आबादी को घर छोड़कर अपने मवेशी के साथ तटबंध पर रहने को मजबूर होना पड़ता है और ऐसे कष्ट में सरकार द्वारा तटबंध पर इनके रहने, भोजन, दवा-ईलाज तथा मवेशियों के लिए ईलाज एवं चारा की भी व्यवस्था कराई जाती रही है, जिसमें लाखों खर्च होते रहे हैं।<br>अतएव मैं सदन के माध्यम से बाढ़ जैसी विभीषिका से बचाने के लिए इस ग्राम के चारों ओर रिंग बांध के साथ आवश्यकतानुसार स्लूईस गेटों का निर्माण करा यहाँ की आबादी को पूरी तरह सुरक्षित कराये जाने हेतु मैं सरकार से निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड में सिवैसिंहपुर ग्राम बूढ़ी गंडक नदी के बायां तटबंध के कि0मी0 107.90 से कि0मी0 108.90 के बीच तटबंध के नदी भाग में अवस्थित है ।<br>बूढ़ी गंडक नदी के दोनों तरफ तटबंध पूर्व से निर्मित है । नदी के अन्दर रिंग बांध के निर्माण से नदी के जल मार्ग में कमी होगी।<br>तटबंध के अन्दर रिंग बांध का निर्माण तकनीकी रूप से सम्भाव्य नहीं है । |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सम0)–03–07 / 2026–** पटना, दिनांक–

**प्रतिलिपि–** अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–648 दिनांक–16.04.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–511 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सम0)–03–07 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सम0)–03–07 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सम0)–03–07 / 2026– 3649 पटना, दिनांक– 13/08/2026
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.08.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
13.8.26